**हिन्दी प्रादेशिक समाचार**

**आकाशवाणी चंडीगढ़**

**(तिथि 15 नवंबर 2024, समय 1305 (5 मिनट)**

श्री गुरु नानक देव जी का प्रकाश पर्व आज देश-विदेश में धार्मिक उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। इस अवसर पर आज बड़ी संख्या में श्रद्धालु अमृतसर स्थित श्री हरिमंदिर साहिब और अन्य गुरुद्वारों में माथा टेक रहे हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व पर शुभकामनाएं दी हैं। राष्ट्रपति ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि गुरु नानक देव जी ने लोगों को आध्यात्मिकता का मार्ग दिखाया। राष्ट्रपति ने कहा कि गुरु नानक देव जी के आदर्शों को अपनाना और एक सामंजस्यपूर्ण और समतावादी समाज का निर्माण करना लोगों का सामूहिक दायित्व है।उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने लोगों से गुरु नानक देव जी के शाश्वत ज्ञान के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताने का आग्रह किया।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि श्री गुरु नानक देव जी की शिक्षाएं लोगों को करुणा, दया और विनम्रता की भावना को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित करेंगी।

*****************************************************************

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रथम पातशाह श्री गुरु नानक देव जी के 555वें प्रकाश पर्व की बधाई दी है ।मुख्यमंत्री ने श्री गुरु नानक देव जी के नाम पर किसी विश्वविद्यालय में चेयर स्थापित करने की घोषणा भी की है ।

कल विधानभवन में मुख्यमंत्री ने कहा –

1 बाइट -सी एम चेयर

मुख्यमंत्री ने कहा कि गुरुग्राम में बन रहे 700 बेड के सरकारी अस्पताल का नामकरण श्री गुरु नानक देव जी के नाम पर किया जाएगा–

2 बाइट - सी एम अस्पताल

कल विधानसभा सत्र के दौरान प्रथम पातशाह श्री गुरु नानक देव जी के 555वें प्रकाश पर्व के बधाई प्रस्ताव भी पारित किया गया ।मुख्यमंत्री नायब सिंह ने यह प्रस्ताव पेश किया ।श्री नायब सिंह ने कहा कि हरियाणा सौभाग्यशाली है कि यहां 16वीं शताब्दी के आरंभ में श्री गुरु नानक देव जी ने अपनी चरण धूलि से इस धरा को पावन किया। उन्होंने अपनी विभिन्न उदासियों के दौरान हरियाणा पधार कर यहां के जन समुदाय को धर्म की सच्ची राह दिखाई।

****************************************************************

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने घोषणा की है कि खरीफ फसलों के लिए अधिक संसाधन जुटाने की एवज में किसानों को राहत देने के लिए राज्य सरकार द्वारा 15 नवंबर को 300 करोड़ रुपये की राशि बोनस के रूप में डीबीटी के माध्यम से किसानों के खातों में भेजेगी । मुख्यमंत्री कल विधानसभा सत्र के दौरान राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा के उपरांत अपना जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा कि इसके अलावा, 550 करोड़ रुपये की राशि जल्द जारी की जाएगी। उन्होंने कहा कि इससे पहले भी सरकार द्वारा 16 अगस्त को 496 करोड़ 89 लाख रुपये की राशि जारी की जा चुकी है। उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार द्वारा बारिश कम होने के कारण किसानों पर पड़े आर्थिक बोझ को कम करने के लिए 2000 रुपये प्रति एकड़ बोनस दिया है।उन्होंने कहा कि उनकी सरकार ने 2 लाख नौकरियां देने का जो वायदा किया है, उसे वे पूरा करेंगे। मुख्यमंत्री ने सदन में हरियाणा लोक सेवा आयोग के संबंध उठाये गए प्रश्न के संबंध में जवाब देते हुए कहा कि हरियाणा लोक सेवा आयोग के माध्यम से वर्ष 2005 से 2014 तक कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में केवल 3 हज़ार 593 युवाओं को नौकरियां दी गई, जबकि 2014 से 2024 तक वर्तमान राज्य सरकार के कार्यकाल के दौरान 7 हज़ार 676 युवाओं की नौकरियां मिली हैं। उनकी सरकार में पारदर्शी तरीके से मेरिट के आधार पर नौकरियां दी जा रही हैं।

************************************************************

सिरसा में बाबा सरसाई नाथ मेडिकल कालेज के निर्माण की प्रक्रिया शुरू हो गई है। सिरसा से हमारे संवाददाता ने बताया है कि जिस भूमि पर मेडिकल कॉलेज का निर्माण होना है उसे समतल और साफ किया जा रहा है।कुरूक्षेत्र में हुए एक कार्यक्रम में राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु ने वर्चुअली इस मेडिकल कालेज का शिलान्यास किया था। इसके बाद टैंडर प्रक्रिया शुरू हुई। फिर हरियाणा में विधानसभा चुनाव होने के कारण आचार संहिता लग गई और निर्माण कार्य शुरू नहीं हो सका।मिली जानकारी के अनुसार 832 करोड़ की लागत से बनने वाले इस 500 बैड वाले मेडिकल कालेज के विधिवत निर्माण के लिए जल्द ही मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी भूमि पूजन करेंगे। यह कॉलेज दो साल में बनकर तैयार होगा

उल्लेखनीय है कि पिछले दिनों मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में हुई उच्च अधिकार कार्य खरीद समिति की बैठक में मेडिकल कालेज की निविदा को मंजूरी दी थी।